प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.
00000

- उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वस्तु और सेवा कर की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं।

- राज्य कैबिनेट की बैठक आज–कई विभागों और प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की व्यवस्थाओं को लेकर होगी चर्चा।

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड आज से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है–ये परीक्षा तीन दिन तक दो पारियों में होगी।

- सेवा पखवाडे के तहत प्रदेशभर में रक्तदान शिविरों में 27 हजार 629 यूनिट रक्त एकत्र कर पेश की मिसाल।

..........................

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वस्तु और सेवा कर की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं। नई जी.एस.टी. दरें सोमवार से लागू हो रही हैं। परामर्श के अनुसार, विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातक 22 सितम्बर से पहले विनिर्मित और बिना बिके पैकेज पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगा सकते हैं, लेकिन पैकेज पर पहले से छपा अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट दिखना चाहिए। मंत्रालय ने परामर्श में जी.एस.टी. संशोधन लागू होने से पहले की पैकेजिंग सामग्री या रैपर के, अगले वर्ष मार्च तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक, उपयोग की अनुमति दी है। परामर्श में यह भी कहा गया है कि कम्पनियां नया स्टिकर लगाकर या पैकेज के किसी उपयुक्त स्थान पर प्रिंट कर अधिकतम खुदरा मूल्य सही कर सकते हैं। सरकार ने डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जी.एस.टी. दरों के बारे में सूचित करने के लिए विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को समुचित उपाय करने को कहा है।

..........................

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है और आने वाले दिनों में जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इसकी रूपरेखा तय करने के लिए तीन हजार से अधिक परामर्श किए गए। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत में अभी 38 हज़ार से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट–जीपीयू हैं और निकट भविष्य में इनकी संख्या और बढेगी।
उन्होंने कहा कि पांच सौ से अधिक डेटा और एआई लैब के विस्तार से समावेशी विकास, व्यापक प्रौद्योगिकी तथा एआई और इलेक्ट्रॉनिकी में वैश्विक नेतृत्व संभव होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में एआई मिशन की संतोषजनक प्रगति हुई है और इसकी मदद से विभिन्न सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज कैबिनेट और मंत्री परिषद की बैठक होगी। बैठक में राजस्व, कार्मिक और ऊर्जा विभाग सहित कई अन्य विभागों से जुड़े एजेंडे को मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 25 सितंबर के दौरे की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों को लेकर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

..........................

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्कूली शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि मंत्रालय शिक्षा प्रणाली को आधुनिक और सीखने की प्रक्रिया को अधिक आनन्दायक और छात्र केंद्रित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि

मंत्रालय देश के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चे विकसित और समृद्ध भारत के माध्यम बनेंगे, इसलिए प्रत्येक छात्र को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लाभ मिलना चाहिए।

..........................

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने जयपुर कमिश्नरेट के ईस्ट जिले के खोनागोरियन थाने में जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में आए मामलों की जांच कराकर जल्द निस्तारण कराने के संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में आपसी विवाद, पारिवारिक और जमीनी विवाद के मामलों के साथ अवैध कब्जे, चोरी तथा मारपीट की शिकायतें मिली।

..........................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से रविवार तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चयन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इस भर्ती परीक्षा के लिए 24 लाख 75 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है। ये परीक्षा कुल 53 हजार 749 पदों के लिए हो रही है। बोर्ड के सचिव बीसी बधाल ने बताया कि अभ्यर्थियों की बडे पैमाने पर संख्या होने के कारण परीक्षा को 6 पारियों में विभाजित किया गया है। ये परीक्षा तीन दिन दो पारियों में सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा केंद्रों पर तीन स्तरीय जांच के बाद अभ्यर्थियों को भीतर प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग भी होगी। अजमेर जिला मुख्यालय के 7 केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

..........................

देशभर में मनाये जा रहे सेवा पखवाडे के तहत प्रदेशभर में रक्तदान शिविरों में 27 हजार 629 यूनिट रक्त इकट्ठा कर मिसाल कायम की है। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में कल रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ, जिसमें बीकानेर संभाग में सबसे ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। इसके साथ ही सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को निशुल्क जांच और उपचार सेवाएं उपलब्ध करायी गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 17 सितम्बर से ही संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में जनसंख्या के अनुपात में एनीमिया स्क्रीनिंग में राजस्थान पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में आयोजित हुए शिविरों में 50 हजार 75 किशोर–किशोरियों सहित अन्य की एनीमिया स्क्रीनिंग की गयी। ये शिविर 2 अक्टूबर तक आयोजित किये जायेंगे। उधर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने अलवर में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

..........................

प्रदेशभर में आयोजित हो रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर के आदर्श नगर स्थित अंबेडकर भवन सामुदायिक केन्द्र में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने सभी से समाज के गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को इन शिविरों तक लाने तथा उन्हें केन्द्र और राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को चैक और प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया। साथ ही श्री शर्मा ने सामुदायिक केन्द्र परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया।

..........................

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों से मानसून की विदाई हो गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार आज करौली, कोटा, बारां, झालावाड, चित्तौडगढ, भीलवाडा, प्रतापगढ़ और उदयपुर जिलों और आसपास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में बारां और करौली में बारिश दर्ज की गई। इस साल हुई औसत से अधिक बारिश से राज्य के कई जिलों में अतिवृष्टि का भी सामना करना पडा है। अच्छी बारिश के कारण अधिकांश बांधों और जलाशयों में पानी की भरपूर आवक हुई है। केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज से 23 सितम्बर तक प्रदेश के पूर्वी भागों में भी बारिश की संभावना है।

..........................